हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 1 दिसंबर 2024



11 64 योगिनी माता मंदिर निर्माण के लिए 64 गांवों...



12 बंशीलाल भारद्वाज गुरुजी की पुण्यतिथि...











## खबर संक्षेप



### बाड़ी में मिला अजगर, सर्पमित्र ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**बालोद।** ग्राम सिवनी के एक घर की बाड़ी में घुसे 9 फीट लंबे अजगर सांप का सर्पमित्र ने रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब 9 बजे घर की बाड़ी में घुसे सांप पर परिवार के सदस्यों की नजर पड़ी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बालोद शहर निवासी सर्पमित्र जागेश्वर ढीमर को दी। उसके बाद उन्होंने बाड़ी में घुसे सांप का रेस्क्यू कर पकड़ा, जिसे जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

### कुथरेल में गायत्री महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा 9 से



**अंडा।** गायत्री ज्ञान मंदिर एवं ग्राम कुथरेल के नागरिकों द्वारा 9 दिसंबर से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के लिए महिला समिति द्वारा प्रत्येक घरों में अन्न घट थैला एवं आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के संस्कार प्रतिदिन गायत्री महायज्ञ में निशुल्क कराए जाएंगे। 9 दिसंबर को दोपहर 12:00 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

### ओडारसकरी में श्रीमद् भागवत कथा 10 से

**अंडा।** ग्राम ओड़ारसकरी में 10 दिसंबर से भारत लाल देशमुख एवं कस्तूरबा बाई देशमुख की पुण्य स्मृति में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। व्यासपीठ पर श्री भागवत आश्रम लिमतरा वाले भगवताचार्य संत श्री निरंजन महराज होंगे, परायणकर्ता परमेश्वर तिवारी होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 10 दिसंबर को होगी। कथा प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक तथा अपरान्ह 3 से 5:30 बजे तक होगी।

## धान खरीदी :भाठागांव आर सेवा सहकारी समिति में सुविधाएं नगण्य

# 10500 क्विंटल की क्षमता वाली सोसायटी में 15862 का स्टॉक, खरीदी पर मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

भाठागांव आर सेवा सहकारी समिति वर्ष में 80000 क्विंटल धान की खरीदी करती है, 1315 किसान पंजीकृत हैं, लेकिन किसानों के बैठने के लिए न साधन है, न ही प्रसाधन है। स्वयं प्रबंधक 14वर्षों से अंग्रेज के समय मैदान में बने एक खंडहर में व्यवस्था का संचालन करने को विवश हैं। जिम्मेदार अधिकारियों का इस अस्त व्यस्त नजारों पर नजर नहीं जाना लापरवाही का प्रमाण बनकर जग जाहिर हो रहा है।

- किसानों के लिए प्रसाधन नहीं, खंडहर हो चुके भवन में बैठ रहे प्रबंधक

विदित हो कि स्वतंत्रता के बाद भाठगांव आर विधानसभा मुख्यालय हुआ करता था और आज अपनी दुर्गति पर आंसू बहा रहा है। उल्लेखनीय है सोसायटी का मुख्य केंद्र भाठागांव आर है और उपकेंद्र रनाचीराई है। उपकेंद्र सुविधायुक्त बताया जाता है। प्रशासन की अजीबो गरीब व्यवहार तो



### सोसायटी में क्षमता से दोगुना धान खरीदी, जाम की स्थिति



**जामगांव आर।** केंद्रीय जिला सहकारी बैंक जामगांव आर अंतर्गत चार सोसायटी जामगांव आर, बटरेल, भरर और कुम्हली में भंडारण की क्षमता 28000 क्विंटल की है, परिवहन प्रारंभ नहीं होने के कारण 67000 क्विंटल धान का भंडारण हो चुका है। परिवहन नहीं होने की स्थिति ऐसी ही रहेगी तो धान रखने की जगह ही नहीं बच पाएगी तो स्वमेव धान खरीदी पर विराम लग जाएगा। जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक संतराम सेन ने बताया कि तिरपाल से धान ढके हुए हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन बहुत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 15 करोड़ की धान खरीदी और साढ़े 5 करोड़ की वसूली हो चुकी है। 1315 किसानों ने अभी तक धान विक्रय इन सोसायटियों में किया है। वारदाना उपलब्ध होने से खरीदी अनवरत जारी है। बस एक ही मांग है कि खरीदे गए धान का परिवहन शीघ्र प्रारंभ हो।



देखिए उप केंद्र में सोसायटी प्रबंधक है, मुख्य केंद्र भाठागांव आर को प्रबंधक भी नसीब नहीं है। प्रभार में काम चल रहा है। 10500 क्विंटल धान संग्रहण की क्षमता वाली सोसायटी में 15862 क्विंटल का स्टॉक हो चुका है और आवक जारी है। प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि खरीदी जारी रहेगी। परिवहन जारी नहीं हुआ है। ओव्हर लोड स्टॉक पर सोसायटी और मौसम का खतरा भी मंडरा रहा है।

**40 प्रतिशत टोकन ऑफ लाइन नियत दिवस पर सुविधा-** प्रभारी प्रबंधक तामेश्वर साहू ने बताया कि किसान 40 प्रतिशत टोकन सुविधा का लाभ सोमवार भाठागांव आर, मंगलवार जरवाय, बुधवार डोंगितराई, गुरुवार जोरातराई और शुक्रवार को मासुल के किसान ले ▸▸|शेष पेज 11 पर

# राज्य सरकार किसानों से कम धान खरीदना चाहती है : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर, महामंत्री रत्तीराम कोसमा, ब्लाक अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी, पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़िया, पुरूषोत्तम पटेल ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर सरकार धान नहीं खरीदने का षडयंत्र करने का आरोप लगाया है।

- जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता में लगाया आरोप

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है। इस बार 160 लाख मिट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है इसके लिए 14 नवंबर से 31 नवंबर तक का समय निर्धारित है, शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर कुल 47 दिन मिल रहे हैं। इसका मतलब यह है कि प्रति दिन सरकार को लगभग साढे तीन लाख मिट्रिक टन की खरीदी करनी होगी तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा।

वर्तमान में जिस रफ्तार से धान खरीदी हो रही है, उसमें लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा है। सोसाईटियों को समितिवार खरीदी की मात्रा सीमित की गई है। ऐसे में एक किसान का शेष धान के लिए उसको आगामी दिनों की तारीख दी जा रही है। सरकार ने यह घोषणा की है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा लेकिन जो लोग 14 नवंबर को धान बेचे थे उनके खाते के रकम नहीं आया है, जो रकम आ रही है। वह एकमुश्त 3100 नहीं है, सिर्फ 2300 रूपये प्रति क्विंटल ही आ रहा है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा है, जिसके आधार पर मात्र 9 से 12–14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है, किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा की गई है, कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जाएगा। सोसायटी में बारदाना की कमी है। किसान परेशान है सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये 50 प्रतिशत पुराने बारदानों ▸▸|शेष पेज 11 पर

# वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया में 2,455 अभ्यर्थी हुए शामिल

**बालोद।** छत्तीसगढ़, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अंतर्गत वनरक्षक के अंतर्गत वनमंडल दुर्ग के लिए 20 वनरक्षक के रिक्त पद के लिए शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षण का आयोजन सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में किया गया। जिला मुख्याल बालोद में आयोजित इस भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनूप विश्वास एवं मुख्य वन संरक्षक दुर्ग डॉ. के मैचियो ने किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने अभ्यर्थियों से चर्चा की। उन्होंने नोडल वनमंडल बालोद द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा की व्यवस्था एवं सुविधाओं की सराहना भी की। उल्लेखनीय है कि 25 नवंबर से 29 नवंबर तक आयोजित इस वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया में 2,455 अभ्यर्थियों ने शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षण में भाग लिया गया। इसमें 1800 पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों की संख्या 655 रही। जिन अभ्यर्थियों के द्वारा अपरिहार्य कारणों से भर्ती में उपस्थित नहीं हो पाए उन अभ्यर्थियों को भी रिजर्व तिथि 29 नवंबर को भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने अंतिम अवसर प्रदान किया गया। वनमण्डलाअधिकारी बीएस सरोटे ने बताया कि शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षण में उपस्थित अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों के मेरिट के आधार पर 20 पदों के विरुद्ध 15 गुना अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा के लिए किया जाएगा। लिखित परीक्षा का आयोजन सीजी व्यापम द्वारा किया जाएगा।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

### मुड़खुसरा में निशुल्क योग शिविर शनिवार को



**डौंडीलोहारा।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में एक दिवसीय निशुल्क योग शिविर का आयोजन ब्लाक के दुधली, बड़गांव एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बुंदेली में किया गया। आगामी शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़खुसरा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। बड़गांव में आयोजित शिविर के दौरान भारत स्वाभिमान न्यास जिला अध्यक्ष बालोद मुकेश आरदा एवं योग शिक्षक मुकेश देशमुख बड़गांव ने योग के विषय में जानकारी दी। मुकेश आरदा ने खान पान और प्राकृतिक जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम प्रकृति के नियमों के विरूद्ध चलकर अपने शरीर को रोगी बना रहे हैं।




# अब पाइपलाइन से आई गैस से चलेंगे चूल्हे, एक लाख घरों को मिलेंगे सीएनजी कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार



- प्राकृतिक गैस की पाइप लाइन के माध्यम से आपूर्ति
- शहर में वाहनों की ईंधन आपूर्ति होगी सीएनजी स्टेशन से

रायपुर के निवासियों के लिए अब एक नई और महत्वपूर्ण सुविधा शुरू होने जा रही है। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन के दिशा निर्देश अनुरूप नगर पालिक निगम रायपुर की पहल पर भारत सरकार के उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड एवं रायपुर शहर के लिए अधिकृत हरियाणा गैस एजेंसी के माध्यम से रायपुर शहरवासियों को अगले वर्ष 2025 के दौरान प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की पाइप लाइन के माध्यम से आपूर्ति होगी। यह सुविधा घरों में कनेक्शन के माध्यम से वाहनों में सीएनजी स्टेशन के माध्यम से, औद्योगिक क्षेत्रों में शीघ्र दिये जाने की तैयारी तेजी से जारी है। खास बात ये है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में ये सुविधा दी जा रही है। बताया गया है कि रायपुर निगम आयुक्त को गेल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों ने जानकारी दी कि मुंबई नागपुर झारसुगुडा प्राकृतिक गैस पाईप लाईन से रायपुर शहर क्षेत्र में घरों के लिए प्राकृतिक गैस आपूर्ति एवं शहर क्षेत्र में सीएनजी स्टेशन के माध्यम से वाहनों में प्राकृतिक ईंधन आपूर्ति की अभिनव योजना पर कार्य निरंतर प्रगति पर है। वर्ष 2025 के दौरान रायपुर शहर में प्राकृतिक गैस पाईप लाईन आपूर्ति से संबंधित योजना का व्यवहारिक क्रियान्वयन शासन के निर्देशानुसार करने की योजना है। इस योजना के राजधानी शहर रायपुर में क्रियान्वयन से शहर में प्रदूषण नियंत्रण का कार्य और अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगा एवं वायु गुणवत्ता में इससे शहर में सुधार क्रियान्वयन के माध्यम हो सकेगा। इसके माध्यम से राजधानी शहर में पर्यावरण संरक्षण का कार्य प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा।

### औद्योगिक क्षेत्रों में भी परियोजना का काम जारी

जानकारी दी गई कि वर्ष 2025 के दौरान भारत सरकार के उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से बिछाई जा रही मुख्य प्राकृतिक गैस पाईप लाईन से वितरक लाईन रायपुर शहर क्षेत्र में इस हेतु अधिकृत हरियाणा गैस एजेंसी के माध्यम से बिछाकर लगभग 1 लाख घरों में सीएनजी गैस आपूर्ति हेतु पाईप लाईन बिछाकर कनेक्शन देने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इस हेतु प्राकृतिक गैस आपूर्ति पाईप लाईन बिछाकर घरों में की जायेगी एवं शहर में वाहनों में प्राकृतिक ईंधन आपूर्ति हेतु सीएनजी स्टेशन खोले जायेंगे। औद्योगिक क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस आपूर्ति करने का कार्य वर्ष 2025 के दौरान किये जाने की योजना पर कार्य प्रगति पर है। रायपुर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को शासन की लोककल्याणकारी योजना का क्रियान्वयन का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये है।

## खबर संक्षेप



### आयुष्मान कार्ड बनाने ऑनलाइन प्रशिक्षण

**रायपुर।** आयुष्मान भारत योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिल सके तथा आसानी से आयुष्मान कार्ड बनकर मिले सके। इसके लिए शुक्रवार को राजधानी रायपुर में निगम उपायुक्त राजेश्वरी पटेल ने नगर निगम सिटी मिशन इकाई के मिशन प्रबंधकों, लोकसेवा केंद्रों के संचालकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया। निगम मुख्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड योजना अधिकारी अमित पटेल, निगम के प्रोग्रामर आर.एस. एक्का सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बीमार गाय को मिला तत्काल उपचार



**रायपुर।** राजधानी के सुंदर नगर में एक गाय के बीमार होने की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पशु विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर गाय का इलाज किए। इसकी शिकायत सुंदर नगर निवासी संदीप शर्मा ने कलेक्टोरेट जन समस्या निवारण कॉल सेंटर में फोन के माध्यम से की थी। इसके बाद कलेक्टोरेट से संबंधित विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल गाय का उपचार करवाया।

### केंद्रीय राज्यमंत्री से सीएम साय ने की मुलाकात



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शुक्रवार शाम अपने निवास पर, छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्यमंत्री वी. सोमन्ना ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री सोमन्ना का स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह व शॉल भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री श्री सोमन्ना से राज्य में रेल परियोजनाओं के विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिवद्वय पी. दयानंद और डॉ. बसवराजु एस., डीआरएम रायपुर संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्यपाल डेका ने किया किताब का विमोचन

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से शुक्रवार को राजभवन में केंद्रीय विद्यालय सरायपाली की प्राचार्य डॉ. सीमा प्रधान द्वारा लिखित 'एक छात्र का मुकदमा' पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के बीच के संबंधों पर आधारित है। ऐसे विद्यार्थियों को जगाने के लिए है जो डिग्री प्राप्त करने के लिए अनुचित तरीकों का प्रयोग करते हैं। इसमें अभिभावकों के लिए भी संदेश है।

### धान का अवैध परिवहन 80 क्विंटल जब्त

**रायपुर।** उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू होने के बाद अब धान का अवैध परिवहन भी होने लगा है। अभनपुर मंडी क्षेत्र में शुक्रवार को विद्या मंदिर परसदा के पास से एक वाहन को पकड़ा गया और उसकी जांच की गई, तो उसमें 80 क्विंटल धान बरामद किया हुआ। गाड़ी में सरना चावल से भरे 2 सौ कट्टे मिले हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि धान को अवैध रूप से परिवहन कर ले जाया जा रहा था। इस मामले में मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिन भी वाहनों से अवैध धान परिवहन किया जा रहा है, तो उन वाहनों के धान को जब्त किया जा रहा है। इससे पूर्व भी जिले में कुछ जगहों पर अवैध धान परिवहन करती गाड़ियां पकड़ी गई हैं।

## धान खरीदी पर कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

# बैज ने कहा- सरकार धान न खरीदने का षड्यंत्र कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नए और 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाए
- धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है, किसान घंटों खड़े इंतजार करते रहते हैं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार धान न खरीदने का षड्यंत्र कर रही है। सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है। इस बार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है, इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है। शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर कुल 47 दिन मिल रहे हैं। इस बयान पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने पलटवार करते हुए कहा, धान खरीदी के मामले में कांग्रेस लगातार झूठ बोलने का काम कर रही है।

राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री बैज ने कहा, सरकार ने यह घोषणा की है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आएगा, लेकिन जिन लोगों ने 14 नवंबर को धान बेचा था, उनके खाते में पैसा अब तक नहीं आया है। श्री बैज ने कहा, अनावरी रिपोर्ट गलत बनाई जा रही है, जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा है। सोसायटी में बारदानों की कमी है, किसान परेशान हैं। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नए और 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाए। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं हैं, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है, किसान घंटों खड़े इंतजार करते रहते हैं।

## किरण देव बोले- लगातार झूठ बोल रही कांग्रेस

### अराजकता फैलाने के टूलकिट एजेंडों पर चल रहे कांग्रेसी



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने धान खरीदी के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर जमकर निशाना साधा है। श्री देव ने कहा, बैज समेत सभी कांग्रेस नेता धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलकर प्रदेश के किसानों को गुमराह करने और प्रदेश में येन-केन-प्रकारेण अराजकता फैलाने के टूलकिट एजेंडे पर चल रहे हैं। श्री देव ने कहा, सत्ता के लिए बौखलाती कांग्रेस ने पहले महतारी वंदन योजना को लेकर लगातार झूठ बोला। जब भाजपा सरकार ने तथ्यों के साथ कांग्रेस के झूठ की धज्जियां उड़ाईं तो अपराध और कानून-व्यवस्था को लेकर नया टूलकिटिया एजेंडा चलाया। जब कांग्रेस के लोग ही अमूमन हर बड़े अपराध में संलिप्त पाए जाकर बेनकाब होने लगे। कानून के शिकंजे में जब खुद कांग्रेसी या उनके करीबी आने लगे, तब अपने ही बुने षड्यंत्रों के जाल में फंसकर कांग्रेस छटपटाने लगी। महतारी वंदन और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर मुंह की खाने के बाद भी कांग्रेस अपनी साजिशाना राजनीति से बाज नहीं आ रही है और अब वह धान खरीदी के मुद्दे पर फिर झूठ की राजनीति करने पर आमादा है। श्री देव ने कहा कि धान खरीदी को लेकर किसी भी बिंदु पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर उंगली उठाने का नैतिक अधिकार कांग्रेस को नहीं रह गया है। कांग्रेस को कोई भी आक्षेप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

# फ्लोर मैक्स चिटफंड ठगी मामला : महिला आयोग ने जांच के लिए गठित की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कोरबा क्षेत्र की महिलाओं से फ्लोर मैक्स कंपनी द्वारा ठगी किए जाने के मामले को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने संज्ञान में लिया है। आयोग ने इस मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम भी गठित की है, जिसमें शामिल आयोग की सदस्य सरला कोसरिया व लक्ष्मी वर्मा कैंप लगाकर पीड़ित महिलाओं से आवेदन लेकर उनकी शिकायतें सुनेंगी। कैंप कोरबा मुख्यालय में प्रशासनिक व्यवस्था के बीच लगाया जाएगा। इसके लिए आयोग ने जिला कलेक्टर को भी अवगत कराया है।

महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक एवं अन्य सदस्यों ने शुक्रवार को कोरबा में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस सुनवाई के दौरान आयोग को फ्लोर मैक्स कंपनी द्वारा महिलाओं से की गई ठगी किए जाने की जानकारी मिली। इसके बाद आयोग ने स्वतः मामले को संज्ञान में लेकर इसकी जांच करने के लिए टीम गठित की है।

*पोते से दादी-दादा हर हफ्ते मिल सकेंगे : आयोग में एक अन्य प्रकरण आया था, जिसमें दादी-दादा से उसके पोते को मिलने नहीं दिया जा रहा था। एक महिला ने शिकायत की थी कि उसकी बहू उसके पोते को उससे और उसके पति से मिलने नहीं देती, जबकि महिला के बेटे की मृत्यु हो चुकी है और उसकी जगह उसकी बहू की नौकरी लगी है।*

### मकान पर कब्जा की शिकायत

आयोग में अन्य एक प्रकरण में एक महिला ने शिकायत की है कि उसके मकान में एक व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। महिला ने बताया कि मकान पर कब्जा करने वाले व्यक्ति से उसके पति ने उधार पैसे लिए थे, जिसे किस्तों में वापस भी लौटा दिए है। इस बात की गवाही सुनवाई के दौरान महिला के पक्ष में गवाह द्वारा भी दी गई। आयोग ने कहा कि दोनों पक्षों के मध्य न्यायालय में कानूनी प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। ऐसी दशा में अंतिम निराकरण किये जाने के पूर्व एसपी और दिपका थाना से इस प्रकरण का पुलिस प्रतिवेदन मंगाया जाना आवश्यक है, क्योंकि इस प्रकरण में थाना पुलिस पर भी आरोप लगाए गए हैं। इसे देखते हुए आयोग इस प्रकरण में पुलिस प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद अंतिम फैसला सुनाएगा।

# सीएम के निर्देश- दोपहिया के लिए हेलमेट, चारपहिया चालकों के लिए सीट बेल्ट का उपयोग तय कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में की समीक्षा
- बस संगवारी एप किया लांच

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में प्रदेश के सड़क सुरक्षा परिदृश्य, सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के उपायों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के लिए दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट के उपयोग तथा वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जनजागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से चलाया जाए।

### ब्लैक स्पॉट के सुधार में लाएं तेजी

मुख्यमंत्री श्री साय ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्य में तेजी लाने, जिला सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठकें आयोजित करने, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के इलाज के लिए निर्माणाधीन ट्रामा स्टेब्लाईजेशन यूनिट्स का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में परिवहन विभाग द्वारा तैयार कराया गया "बस संगवारी एप" लांच किया और परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पर प्रकाशित पोस्टर का विमोचन किया।

### स्कूली पाठ्यक्रम में यातायात का पाठ्यक्रम

बैठक में जानकारी दी गई कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के स्कूलों में कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक के राज्य शैक्षणिक अनुसंधान परिषद की पाठ्यपुस्तकों में सड़क यातायात नियमों से संबंधित अध्याय पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। बैठक में बताया गया कि यातायात व्यवस्था का इलेक्ट्रॉनिक सर्विलेंस रायपुर, बिलासपुर और नवा रायपुर में किया जा रहा है। भिलाई और दुर्ग में यह व्यवस्था आंशिक रूप से संचालित है।

# वीआईपी सुरक्षा में लगे पीएसओ को एनएसजी कर रहे प्रशिक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दिल्ली, गुड़गांव से एनएसजी की 14 सदस्यी टीम जवानों को प्रशिक्षण दे रही

वीआईपी सुरक्षा में लगे राज्य के पीएसओ को दिल्ली, गुड़गांव से एनएसजी की 14 सदस्यी टीम प्रशिक्षण देने इन दिनों रायपुर पहुंची है। पहले बैच में एनएसजी की टीम 100 पीएसओ को वीआईपी सुरक्षा के लिए ट्रेनिंग दे रही है। पहला ट्रेनिंग सेशन 18 नवंबर से 30 नवंबर तक आयोजित किया गया है। पीएसओ का प्रशिक्षण एडीजी, गुप्तवार्ता अमित कुमार के प्रयास तथा मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

एनएसजी के जवान पीएसओ को प्रशिक्षण देने के साथ ही आपातकाल से निपटने अति विशिष्ट व्यक्तियों के वाहन चालकों को भी प्रशिक्षित कर रहे हैं। वाहन चालकों को छह-छह दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आपतकाल में वाहन चालकों को किए जाने वाले ड्रिल के बारे में जानकारी दी जा रही है। शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम माना स्थित होमगार्ड्स ग्राउंड में आयोजित किया गया, जिसमें आपातकालीन परिस्थिति में वाहन चालकों तथा पीएसओ को क्या करना चाहिए, विस्तार से ड्रिल कर समझाया गया। डेमो ड्रिल में वीआईपी सुरक्षा वाहिनी के कमांडेंट हरीश राठौर, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय के अधीक्षक राजकुमार मिंज, एआईजी सुरक्षा ज्ञानेंद्र अवस्थी के साथ एनएसजी प्रशिक्षण दस्ते के चीफ ग्रुप कमांडर राजीव पनवर उपस्थित रहे।

# कोरोनाकाल में बंद हुई रेल सुविधाएं फिर से होंगी शुरू, एयरपोर्ट जैसा होगा रायपुर स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



- वंदेभारत एक्सप्रेस में स्लीपर बोगी की सुविधा देने पर विचार, रेल मंत्री से की है चर्चा

कोरबा जाने के दौरान रायपुर रेलवे स्टेशन पर रुके रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने कहा कि छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में रेलवे का विकास हो रहा है। कोरोनाकाल के दौरान रेलवे द्वारा यात्रियों को दी जाने वाली जो सुविधाएं बंद हुई थीं, उन्हें पुनः प्रारंभ करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 486 करोड़ की योजना के पूर्ण होने के बाद रायपुर रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट की तर्ज पर होगा। रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने रायपुर रेलवे स्टेशन पर ठहरकर यहां पूर्ण किए जा रहे विकास कार्य के बारे में जानकारी ली और मॉडल का जायजा लिया। इस दौरान मीडिया से संक्षिप्त चर्चा में उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेन में जल्दी ही यात्रियों को स्लीपर की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए केंद्रीय रेल मंत्री से चर्चा की गई है, जिस पर उन्होंने दिलचस्पी दिखाई है। रेल राज्य मंत्री ने संभावना जताई है कि मार्च-अप्रैल तक यह सुविधा प्रारंभ की जा सकती है। रेलवे द्वारा कोरोना आपदाकाल के दौरान सीनियर सिटीजन सहित अन्य यात्रियों को किराए में छूट दिए जाने का प्रावधान बंद कर दिया था। इसके साथ अन्य योजनाओं को भी शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेल हादसों को रोकने के लिए केंद्र सरकार काम काम कर रही है और इसका स्थायी समाधान खोजा जा रहा है।

आने वाले दिनों में रायपुर रेलवे स्टेशन में आने वाले यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कोरबा से वापसी के दौरान वे रायपुर रेलवे स्टेशन पर हो रहे विकास कार्यों का जायजा लेंगे। रेलवे के विकास में सभी अधिकारी-कर्मचारी मिलकर काम कर रहे हैं।

### विकास ने विभिन्न मांगों पर सौंपा ज्ञापन

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना को विभिन्न मांगों पर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में मांग की है कि सरोना रेलवे स्टेशन का विस्तार किया जाए, साथ ही अम्बिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस, सारनाथ और अमरकंटक एक्सप्रेस एवं इंटरसिटी का स्टॉपेज घोषित किया जाए। नया रायपुर में राज्य शासन से रेलवे को 18 एकड़ जमीन आबंटित है, वहां पर ट्रेनों के मेंटेनेंस के लिए कोचिंग डिपो बनाया जाए। राज्य की राजधानी रायपुर से राजधानी एक्सप्रेस चलाने का प्रावधान है लेकिन, मेंटेनेंस की सुविधा नहीं होने से बिलासपुर से चलाई जा रही। रेलवे क्रासिंग सिलयारी, हीरापुर, उरकुरा, बैकुंठ स्टेशन सेक्शन में ओवरब्रिज बनाने का बजट राज्य शासन में स्वीकृत है, लेकिन रेलवे की जटिल प्रक्रिया की वजहों से ड्राइंग डिजाइन की स्वीकृति में कई महीने बीत जाते है, उसमें सुधार लाया जाए। इसके अलावा उन्होंने अन्य कई मांगों का ज्ञापन सौंपा है।

# स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार 9 विशेषज्ञ और 10 चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों में चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। नौ विशेषज्ञ और 10 चिकित्सा अधिकारियों की संविदा नियुक्ति का आदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जारी किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। नौ चिकित्सा विशेषज्ञ और दस चिकित्सा अधिकारियों को विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। उन्होंने कहा कि नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी व विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। जारी आदेश में चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. रमन जोगी को जिला अस्पताल बिलासपुर, डॉ. योगेश कुमार शर्मा जिला अस्पताल दुर्ग, डॉ आकांक्षा गुप्ता जिला अस्पताल जांजगीर चांपा, डॉ नवनीत सिंह ठाकुर जिला अस्पताल (एसएनसीयू) कबीरधाम, डॉ. भावना चौरे जिला अस्पताल खैरागढ़-गंडई-छुईखदान, डॉ नीरज कुमार जिला अस्पताल मुंगेली, डॉ अनिल खापर्डे एवं डॉ उमा खापर्डे को सीएचसी चिरमिरी, डॉ राजभान प्रजापति जिला अस्पताल सूरजपुर में पदस्थापना की गई है। इसके साथ ही बस्तर संभाग में संविदा चिकित्सा अधिकारी डॉ आरूषि शर्मा, डॉ. अंकित सिंह राजपूत, डॉ, भुनेश्वर नेताम, डॉ शिवानी कोर्राम, डॉ, सुब्रत मल्लिक, डॉ. आकांक्षा दारियो, डॉ. रोहिणी राणा, डॉ. यामिनी कांगे, डॉ. अनिल कुमार पटेल व डॉ कुनाल सिंह साहू को विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है।

# खेल ज्योति रैली से शुरू होगी क्रीड़ा प्रतियोगिता शामिल होंगे 40 राज्यों के एक हजार खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर में 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज खेल ज्योति रैली से होगा। 28 से 31 दिसंबर तक होने जा रही प्रतियोगिता में तीरंदाजी के साथ किसी एक खेल को इसमें शामिल जाता है। इस क्रम में इस साल फुटबाल को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 28 दिसंबर को जयस्तंभ चौक से साइंस कॉलेज तक एक विशाल खेल ज्योति रैली निकालकर की जाएगी। इसमें केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया के शामिल होने की संभावना है। प्रतियोगिता में 40 से अधिक राज्यों के 1000 से अधिक वनवासी खिलाड़ी भाग लेंगे। इस साल के लिए बनाई गई स्वागत समिति के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, सचिव अमर बंसल, अनुराग जैन, पी. रामनाथ कश्यप, अतुल योगी ने संयुक्त रुप से पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। आगे बताया कि इस क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए 27 दिसंबर से सभी प्रतिभागियों का पंजीयन शुरू हो जाएगा। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से सम्बद्ध वनवासी विकास समिति के छत्तीसगढ़ प्रान्त द्वारा किया जा रहा है।

इसमें देश के वनांचल क्षेत्र के सैकड़ों ऐसे खिलाड़ी शामिल होंगे जो पहली बार ट्रेन का सफर करके रायपुर पहुंचेंगे।

### 29 को होगा सांस्कृति आयोजन

मंत्री श्री कश्यप ने बताया कि प्रतियोगिता के विभिन्न आयोजनों को साइंस कॉलेज मैदान, रविवि के खेल विभाग के मैदान के साथ कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में भी आयोजित किया जाएगा। 28 दिसंबर को प्रतियोगिता का आरंभ होगा, वहीं 31 दिसंबर को साइंस कॉलेज मैदान में इसका समापन होगा। प्रतियोगिता के बीच 29 दिसंबर को एनआईटी मैदान में विभिन्न राज्यों के जनजातीय प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रतिभागियों के लिए मातृहस्त भोजन होगा। इसमें 500 से अधिक परिवारों की सहभागिता होगी। समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी मंत्रियों को आमंत्रित किया है।

# सड़कें, सामुदायिक भवन के लिए मूणत ने दिए 64 लाख

**रायपुर ।** रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत ने खमतराई के लोगों की जरूरत के आधार पर वीर शिवाजी वार्ड में सड़कें-नालियां और सामुदायिक भवन के विस्तार के लिए 64 लाख रुपए दिए हैं।

उन्होंने सभी कार्य शुरू भी करवा दिए और नगर निगम अफसरों से कहा, जितने भी काम शुरू हुए हैं, सभी समय पर पूरे होंगे तो लोगों को जल्दी सुविधा मिलेगी। इससे पहले रायपुर पश्चिम के दर्जनभर वार्डों में मूणत करोड़ों रुपए से स्कूलों का जीर्णोद्धार तथा बुनियादी सुविधाओं से जुड़े दर्जनों कार्य शुरू करवा चुके हैं और इनमें से कुछ पूरे हो गए या होने वाले हैं। अधोसंरचना तथा अन्य मदों से फंड मंजूर करने के लिए मूणत ने सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव का आभार जताया है। वीर शिवाजी वार्ड में जब वे 64 लाख रुपए के कार्यों के साथ पहुंचे, तो भारी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और उनका स्वागत किया। सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए खमतराई सामुदायिक भवन में दूसरे माले का निर्माण कार्य मंजूर करवाया और फिलहाल 10 लाख रुपए का फंड दियाहै। नीम डबरी इलाके में कंक्रीट रोड और नालियों का 17 लाख रुपए का काम और साहूपारा इमली पेड़ के पास सीसी रोड और नाली के लिए उन्होंने 10 लाख रुपए के काम का भूमिपूजन भी कर दिया।

## खबर संक्षेप



### मंत्री केदार से भाजपा नेता राकेश ने की मुलाकात

**बालोद।** जनसेवक राकेश यादव राजधानी में वन सिंचाई सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मिले। मंत्री से भेंट के दौरान राकेश यादव ने जिले में सिंचाई सुविधा विस्तार सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। क्षेत्र के भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा प्रमुखों की उपेक्षा कर कांग्रेस संगठन को महत्व देने वाले अधिकारी पर त्वरित कार्रवाई करने पर आभार व्यक्त किया। राकेश यादव ने मंत्री केदार कश्यप से वन विभाग सिंचाई एवं सहकारिता के क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं एवं जन जरूरतों पर मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कई मांगें रखी।

### कॉलेज परिसर में किया गया पौधारोपण




**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डीलोहारा के प्राचार्य डॉ. रोशन आरा, एवं एन.एस.एस. प्रभारी पुरूषोत्तम भुआर्य, के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं भारतीय यूथ रेडक्रास सोसायटी तथा पर्यावरण के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारियों द्वारा 30 नवंबर को महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर में हरियाली एवं पर्यावरण को सुव्यवस्थित बनाये रखने के लिए किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी उपस्थित रहे।

### रोड में खड़ी हुई ट्रकों को व्यवस्थित रखने हिदायत



**भिलाई।** पुरानी भिलाई क्षेत्रांतर्गत औद्योगिक क्षेत्र हथखोज के ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित पंजाब रोडवेज, मनोज रोड लाईन्स, सीएमसी, एचटीसी कंपनी के यार्ड का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ट्रांसपोर्टर से लगातार संपर्क कर अपराधिक घटनाओं की रोकथाम किये जाने हेतु सुझाव दिया। ट्रांसपोर्ट नगर में वाहनों को चालकों द्वारा व्यवस्थित रूप से खड़ी किये जाने जिससे एक्सीडेंट जैसी दुर्घटना से बचा जा सके, औद्योगिक क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग किया गया जिससे लोगों के मन में पुलिस के प्रति विश्वास बना रहे तथा क्षेत्र में असामाजिक तत्व और बाहर से आये लोगों के उपर भी नजर रखी जा रही है।

---

### मोक्ष धाम सेवा संस्थान द्वारा ग्राम लिमोरा में हो रहा है मंदिर का निर्माण

# 64 योगिनी माता मंदिर निर्माण के लिए 64 गांवों से ली जाएगी भिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

मोक्ष धाम सेवा संस्थान ग्राम लिमोरा में निर्माणाधीन 64 योगिनी माता मंदिर के लिए संस्थान के लोग 64 गांवों में भिक्षा मांगेंगे। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। इसकी रूपरेखा बना ली गई है। संस्थान के प्रमुख नाड़ी वैद्य गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख स्वयं गांव-गांव में पहुंचकर मंदिर के लिए भिक्षा मांगेंगे। इस मंदिर की खासियत यह होगी कि यहां कोई भी दान पेटी नहीं रहेगी। जिन श्रद्धालुओं को सहयोग करना होगा वे यहां अनवरत चलने वाले भोजन भंडारा में या मंदिर निर्माण में दे सकते हैं।

मोक्षधाम सेवा संस्थान ग्राम लिमोरा के प्रमुख गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने बताया कि लिमोरा में छत्तीसगढ़ के प्रथम चौसठ योगिनी माता मंदिर बनने जा रहा है। भगवान देता है, लेता नहीं है, इस मंदिर के लिए भिक्षा मांगी जाएगी, जिससे मंदिर में सभी का अंश लगेगा। इसके अलावा संस्था द्वारा जिले में मेंटल हॉस्पिटल भी बनाया जाएगा। जो माताएं बहने विक्षिप्त अवस्था में इधर–उधर घूमते रहते हैं, उन्हें हमारी टीम द्वारा लाकर उसका इलाज करा कर उसे सुरक्षित उनके घर पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा अमृत आश्रय भी बनाया जाएगा। मूक-बधिर आश्रम भी खुलेगा, इंटरनेशनल गुरुकुल भी यहां बनाया जाएगा जहां उर्दू भाषा को छोड़कर सभी भाषाओं में पढ़ाई कराई जाएगी। बैठक में अध्यक्ष दर्शन जैन गुण्डरदेही, मदन निषाद गुण्डरदेही, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र साहू राजनांदगांव, सचिव कुलेश्वर साहू गुण्डरदेही, सदस्य निजानंद चंद्राकर, सदस्य चिंताराम चंद्राकर लिमोरा, सदस्य नीलकंठ पटेल, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार साहू लिमोरा, ग्राम विकास समिति उपाध्यक्ष विनोद कुमार चंद्राकर मौजूद रहे।

#### सवा एकड़ का परिसर, 8000 स्क्वायर फीट में बनेगा मंदिर



गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने बताया कि मंदिर का निर्माण उड़ीसा और आंध्र प्रदेश के कारीगरों की देखरेख में हो रहा है मंदिर को नक्काशी युक्त बनाया जाएगा, ताकि दूर से ही मंदिर खूबसूरत दिखाई दे। लगभग 8000 स्क्वायर फीट में यह मंदिर बनेगा। हालांकि मंदिर परिसर सवा एकड़ का है, लेकिन मंदिर का निर्माण 8000 स्क्वायर फीट में ही होगा, मंदिर को भव्य बनाने की कोशिश की जा रही है।



**दो-ढाई वर्ष में होगा तैयार-** वीरेंद्र देशमुख ने बताया कि मंदिर का निर्माण तेज गति से किया जा रहा है, दो से ढाई वर्ष में यह मंदिर बनकर पूरी तरह से तैयार हो जाएगा, दानदाता अब सामने आने लगे हैं और भिक्षाटन का कार्य भी हम शीघ्र प्रारंभ करने वाले हैं।


#### प्रतिदिन होगा अनवरत भंडारा

गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने बताया कि मंदिर निर्माण के बाद यहां पर प्रतिदिन अनवरत भंडारा चलता रहेगा। जब भी श्रद्धालु जिस समय भी यहां पहुंचेंगे उन्हें भंडारे में भोजन उपलब्ध मिलेगा। यही नहीं यहां दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठहरने की भी व्यवस्था होगी। गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने बताया कि इस मंदिर में काली माता व कामधेनु की मूर्ति भी लगाई जाएगी, इसके अलावा मंदिर के चारों तरफ 64 योगिनी माता की मूर्ति भी रखी जाएगी। मंदिर की नक्काशी कुछ इस तरह की जा रही है कि यह दूर से ही स्पष्ट व आकर्षक दिखाई देगा।

#### वास्तु का रखा जा रहा ध्यान, श्रद्धालु करेंगे ऊर्जा की अनुभूति

संस्था के संस्थापक गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने बताया कि मंदिर को वास्तु के दृष्टिकोण से ऐसा बनाया जा रहा है कि जो भी व्यक्ति यहां आएगा उसे अपने आप ऊर्जा मिलने की अनुभूति होगी। यहां पर सभी तरह की सुविधाएं होगी। मंदिर में कोई भी श्रद्धालु जाकर आराम से दर्शन कर सकते हैं। यहां कोई वीआईपी कल्चर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रद्धालुओं को बुलाता है और जब जब जिस किसी को वे बुलाते हैं वहीं व्यक्ति मंदिर तक पहुंच पाता है। ऐसे में वीआईपी कल्चर हम यहां नहीं रखेंगे।

---



## पिरीद में नारियल से बना रहे भगवान गणेश की आकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित बालोद जिले के ग्राम पिरीद एक ऐसा गांव है जहां नारियल को गणेश जी का रूप दिया जाता है, जिसकी शुरुआत सागर देशमुख ने किया है। करीबन 2021 से नारियल में गणेश जी की आकृति दिया जाता है। गणेश जी का अलग-अलग तरह से सजावट डिजाइन देते हैं। वे इस कलाकृति से प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, मुख्यमंत्री को अवगत करा रहे हैं। वे चाहते हैं कि शासन प्रशासन इस कलाकृति को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएं साथ ही इस कलाकृति की व्यापक स्तर पर शासन प्रशासन द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण लगाकर लोगों को रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। पिरीद गांव पहला ऐसा गांव है जहां नारियल से गणेश जी की आकृति दी जाती है। इस कला को एक नई ऊर्जा के साथ पहचान मिलना चाहिए, इस कलाकृति को शासन प्रशासन द्वारा सम्मान मिलना चाहिए। सागर देशमुख ने बताया कि विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण ललित चंद्राकर ने आश्वासन दिया है कि इस कला को वे राष्ट्रपति, और राज्यपाल से अवगत करवाएंगे और कला के क्षेत्र में इस कलाकृति को और भी लोगों का पहुंचने का प्रयास करेंगे।

---

### ज्यादा से ज्यादा युवाओं को अवसर देने प्रशासन ने बढ़ाई पंजीयन की तिथि

# युवा उत्सव में शामिल होने अब 4 तक करा सकते हैं पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा दिसंबर माह में युवा उत्सव वर्ष 2024–25 का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी पूजा बंसल ने बताया कि जिले में युवा उत्सव वर्ष 2024–25 का आयोजन 02 चरणों में आयोजित किया गया है।

इसके अंतर्गत प्रथम चरण में विकासखण्ड स्तर पर 05 एवं 06 दिसंबर को एवं द्वितीय चरण में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 09 दिसंबर को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवा उत्सव 2024–25 के पंजीयन की तिथि में वृद्धि करते हुए अंतिम तिथि 04 दिसम्बर को शाम 04 बजे तक कर दी गई है। युवा उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने की इच्छुक युवा–युवती संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नात्कोत्तर महाविद्यालय बालोद में निर्धारित तिथि तक उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। युवा उत्सव में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है।

जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी पूजा बंसल ने बताया कि प्रतिभागियों को आयु के संबंध में आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना होगा। विकासखण्ड स्तर से चयनित प्रतिभागी ही जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही रॉकबैंड विधा के प्रतिभागी निर्धारित तिथि तक पंजीयन कर सीधे जिला स्तर युवा उत्सव में शामिल हो सकते हैं। रॉकबैंड के दल में प्रतिभागियों की संख्या अधिकतम 10 होगी। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव 2024–25 आयोजन का स्थान एवं अन्य विस्तृत जानकारी संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

#### विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता का होगा आयोजन

पूजा बंसल ने बताया कि युवा उत्सव में विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। युवा उत्सव कार्यक्रम में सांस्कृति कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत तथा लाइफ स्कील के अंतर्गत कहानी लेखन चित्रकला में वक्तृत्व कला, कविता एवं तात्कालिक भाषण, थिमैटिक विधा में विज्ञान मेला तथा युवा कृति के अंतर्गत हस्तशिल्प, टेक्सटाइल एवं कृषि उत्पादन आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा जिला एवं राज्य स्तर पर रॉकबैंड का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन के संबंध में संपूर्ण जानकारी सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप स्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग कार्यालय बालोद से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

---

# महतारी वंदन योजना से राज्य की महिलाएं हो रहीं हैं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित महतारी वंदन योजना राज्य की महिलाओं को आर्थिक संबलता प्रदान करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कारगर माध्यम बन गया है। समाज के सभी वर्गों की महिलाएं इस योजना से लाभान्वित होने के कारण यह योजना राज्य में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अत्यंत निर्णायक साबित हो रहा है।

इसका उदाहरण जिला मुख्यालय बालोद के आमापारा में देखने को मिला है। यहाँ निवासरत 57 वर्षीय एकाकी महिला बिमला बाई ने राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना की सराहना करते हुए बताया कि शासन ने हम आंगनबाड़ी में कार्यरत कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को भी इस योजना का लाभ दिलाकर बहुत बड़ा उपकार किया है। मुझे प्रति माह महतारी वंदन योजना के तहत 01 हजार रुपये मेरे बैंक खाते में प्राप्त होता है। मैं अपने घर में अकेले ही काम करने वाली हूँ, जिससे मुझे घर का काम और आंगनबाड़ी के काम में समय देना पड़ता है। आंगनबाड़ी केन्द्र में सहायिका के रूप में कार्य करते हुए जो मानदेय मुझे प्राप्त होता है उससे मैं अपने घर का खर्च वहन करती हूँ। पूर्व में अपने स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान नहीं दे पाती थी, लेकिन अब मैं महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का उपयोग अपने स्वास्थ्य एवं इलाज के लिए आने वाले खर्च में उपयोग करती हूं। बिमला बाई ने बताया कि इस योजना से मिलने वाली राशि जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुश्किल वक्त का सहारा है। अब महिलाओं को अपनी छोटी–बड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आसानी से पैसा उपलब्ध हो जाता है। इससे वह प्रसन्नचित होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर पा रही है। बिमला बाई ने महतारी वंदन योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हृदय से आभार व्यक्त किया है।



■ आमापारा निवासी महिला बिमला ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

---

# बूथ क्रमांक 36 के मुकेश बने अध्यक्ष, 37 की जिम्मेदारी दिनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ विधायक दुर्ग ग्रामीण के गृहग्राम कोलिहापुरी में हुआ बुथ चुनाव

विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर के गृहग्राम कोलिहापुरी में बुथ चुनाव संपन्न हुआ। इसके तहत बूथ क्रमांक 36 और 37 में निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। 37 में दिनेश कुमार साहू और 36 में डॉक्टर मुकेश साहू को अध्यक्ष चुना गया। शक्ति केंद्र चुनाव प्रभारी अजीत चंद्राकर ने चुनाव संपन्न कराया। चुनाव में प्रमुख रूप से कोलिहापुरी में के बहुत ही वरिष्ठ डागेंद्र दुबे चेतराम पारकर मंसाराम देशमुख यादराम साहू भुंवर लाल साहू संदीप कुमार साहू ललित निषाद जुगल किशोर साहू श्री राम निषाद शुभम कुमार साहू रेखा राम साहू राजू लाल मानकर डोमेन्द्र यादव संगीता मानकर यशवंत दिल्लीवार गोपी राम साहू अनिल पारकर डोमेन यादव शुभम साहू पुष्पा निषाद लक्ष्मी खुटेल राजू लाल मानकर नंदकुमार देशमुख दिगंबर देशलहरे बलराम यादव मनीष यादव भूपेंद्र यादव पुष्पा साहू विक्रम विश्वकर्मा धनसिंग विश्वकर्मा सहित बहुत सारे भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे सभी कार्यकर्ताओं ने बुथ अध्यक्ष को तिलक लगाकर बधाई दिए। भाजपा सरकार के सभी योजनाओं को घर घर जाकर संदेश देना है कि गांव का विकास सबका विकास होगा।



---

# केशराम बूथ क्रमांक 240 के अध्यक्ष बने, विजय को 241 की जिम्मेदारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

भारतीय जनता पार्टी गुण्डरदेही मंडल के अंतर्गत ग्राम कलंगपुर, भटगांव, खूटेरी(भट), चाराचार, चारभाटा में बूथ अध्यक्ष, बूथ मंत्री और सदस्य का चुनाव,चुनाव अधिकारी प्रमोद जैन एवं सहायक चुनाव अधिकारी भीखा राम साहू के द्वारा संपन्न हुआ। इसमें ग्राम कलंगपुर में बूथ क्रमांक 240 एवं 241 के अध्यक्ष और सचिव का चुनाव, अधिकारी बूथ क्रमांक 240 से केश राम साहू को बूथ अध्यक्ष एवं डीलेश्वर साहू को सचिव साथ ही बूथ क्रमांक 241 से विजय सिन्हा को बूथ अध्यक्ष एवं दिलेश्वर साहू को सचिव एवं 12 पदाधिकारी निर्वाचित किए गए। इसी तरह ग्राम भटगांव में प्रताप ख़ुटेल बूथ अध्यक्ष एवं लोमेश कुमार बूथ मंत्री ,16 सदस्य निर्वाचित हुए। ग्राम चाराचार में बूथ अध्यक्ष भेष कुमार साहू, बूथ मंत्री माखन साहू और 16 सदस्य निर्वाचित हुए। ग्राम खूटेरी में बूथ अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव को बूथ मंत्री धर्म सिंह साहू को ओर 16 सदस्य निर्वाचित हुए। इसी तरह ग्राम चारभाटा में बूथ अध्यक्ष देवधर साहू, बूथ मंत्री राम सहायक साहू और 16 सदस्य निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी प्रमोद जैन ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष, मंत्री और सदस्यों हर्ष व्यक्त किया।

---

## पेज 9 के शेष...

### 10500 क्विंटल की...

सकते हैं। उन्होंने कहा कि 1800 क्विंटल एक दिन खरीदी लक्ष्य है। अतः 800 क्विंटल आफ लाइन टोकन सुविधा किसानों को मिल सकेगी। विदित हो कि टोकन का उपयोग अगले सप्ताह नियत दिवस पर किसान कर सकते हैं।

**बारदाना के लिए हड़कंप पर लगा विराम-** मिलर्स हड़ताल के कारण बारदाना तंगी से निजात पाने किसानों से सोसायटी प्रबंधन ने बारदाना की व्यवस्था में सहयोग के लिए आग्रह किया, जिससे किसानों में हड़कंप मच गया। लेकिन आधिकारिक जानकारी के मुताबिक बारदाना समस्या का हल निकल गया है। सोसायटी में पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराने का प्रयास जारी हो चुका है। किसानों को परेशान नहीं होना है। सहायक प्रबंधक तामेश्वर साहू ने बताया कि जो किसान बारदाना की व्यवस्था कर चुके होंगे, तो उसका उपयोग वे कर सकते हैं।

**सोसायटी में प्रसाधन की सुविधा भी नहीं-** किसान दिलेश्वर साहू ने कहा कि भाठागांव आर बहुत पुरानी सोसायटी है, लेकिन सुविधा के नाम पर जीरो है। किसान दिनभर सोसायटी में रहते हैं। पानी पेशाब उठने-बैठने आराम सबकी जरूरत पड़ती है, लेकिन थके मांदे किसानों की सुविधा की तरफ शासन प्रशासन का ध्यान ही नहीं है। किसी भी पार्टी की सरकार ने किसानों की सुध नहीं ली। यहां तो प्रसाधन की भी सुविधा नहीं है।

**उपकेंद्र में प्रबंधक मुख्य केंद्र में प्रभारी-** सोसायटी प्रबंधक यशवंत साहू का स्थानांतरण धान खरीदी के ऐन वक्त में उपकेंद्र रनचीराई कर दिया गया। सहायक प्रबंधक को चार्ज देकर प्रबंधक चले गए। किसान भी प्रशासन के इस फरमान से हैरान हैं। भाटागांव आर सोसायटी की व्यवस्था अविलंब चुस्त दुरुस्त करने की मांग की जा रही है। किंतु अभी तक कोई असर नहीं आया है।

**अध्यक्ष ने कहा बारदाने की व्यवस्था के लिए प्रबंधन सक्रिय-** सोसायटी प्रबंधक देवकुमार साहू ने कहा कि किसानों को बारदाने की परेशानी नहीं होगी मिलर्स हड़ताल के कारण एतिहात के तौर पर किसानों से आग्रह किया गया था। लेकिन, बोरा पर्याप्त मिलने की जानकारी प्रबंधन से मिल रही है।

**उपपंजीयक समस्या निदान के लिए पहुंचेंगे भाठागांव आर-** बालोद उपपंजीयक राजेंद्र प्रसाद राठिया ने कहा कि वे स्वयं अगले सप्ताह भाठागांव आर सोसायटी का दौरा कर समस्याओं का अवलोकन कर हर संभव निदान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वारदाना की समस्या हल हो गई है किसान भाई परेशान ना हो।

### राज्य सरकार...

का उपयोग किया जाए। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। धान खरीदी केन्द्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है। किसान घंटों खड़े रहते है। ऑनलाईन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद का भी टोकन नहीं मिल रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा धान की कीमत का भुगतान 3217 रूपएं में करें, क्योकि 3100 रूपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रूपए बढ़ा दिया है। कांग्रेस सरकार में धान की खरीदी 2500 में करने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रूपए में धान खरीदी की थी। भाजपा सरकार की घोषित मूल्य में बढ़े हुए समर्थन मूल्य को जोड़कर भुगतान करें। धान खरीदी केन्द्रों में जगह की कमी आ रही है, पहले मार्कफेड द्वारा समस्त धान का निपटान 28 फरवरी तक कर देने की बाध्यता रखी गई है। अब इसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है। धान मिलिंग के लिए कांग्रेस सरकार ने प्रति क्विंटल 120 रूपये देने का निर्णय लिया था, जिसका परिणाम यह हुआ कि प्रदेशभर में 700 नई राईस मिले खुली थी। अब सरकार ने मिलर के लिए 120 रूपये को घटाकर 60 रूपये कर दिया है, इस कारण राईस मिलर हड़ताल पर है, धान सोसायटी मे जाम है।



## खबर संक्षेप



### डोटोपार में नेत्रदान करने वाले परिवार का किया गया सम्मान

**गुरूर।** विकासखण्ड के ग्राम डोटोपार के नेत्रदान करने वाले कलिहार परिवार का स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम में पहुंचकर अभिनंदन कर आभार प्रगट किया। गौरतलब है कि एक सप्ताह पूर्व 21 नवंबर को ग्राम डोटोपार के 69 वर्षीय डीआर कलिहारी का निधन हो गया था। स्व. डीआर कलिहारी की इच्छानुसार उनके परिजनों ने उनका नेत्रदान किया था। इस पुण्य कार्य के लिए स्व. डीआर कलिहारी की पत्नी, उनके पुत्र विनय कुमार कलिहारी, उनके भाई कोमल कलिहारी व थलेश्वर कलिहारी, भतीजा राहुल कलिहारी का स्वास्थ्य विभाग की ओर से सहायक नोडल अधिकारी अनिल सिन्हा, टिकेश्वर साहू, लक्ष्मीकांत सिन्हा, प्रमोद साहू व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभिनंदन किया। डॉ अनिल सिन्हा ने बताया कि स्व. डीआर कलिहारी की आंखों से दो जरूरतमंद व्यक्तियों की आंखों की रोशनी लौटी है।

### सक्रिय सदस्यता अभियान में बालोद जिले को प्रदेश में मिल तीसरा स्थान

**बालोद।** प्राथमिक सदस्यता, सक्रिय सदस्यता अभियान को अंतिम स्वरूप देने साथ ही संगठन पर्व (संगठन चुनाव) को लेकर प्रदेश कार्यशाला में प्रांत स्तर पर सक्रिय सदस्यता अभियान में बालोद जिला को मिले लक्ष्य को 97 प्रतिशत पूरा करते हुए प्रदेश में तीसरे स्थान प्राप्त करने पर बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव, राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी नरेश बंसल, चुनाव पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय व वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में हर्ष व्यक्त किया। जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू एवं जिला महामंत्री व सक्रिय सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी राकेश यादव, प्रीतम साहू, चेमन देशमुख ने जिला को मिले लक्ष्य को पुरा करने अभियान में जुड़े समस्त प्रभारी, मंडल अध्यक्षों, मंडल टोली एवं जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया है।

### एकीकृत पोर्टल में पंजीयन 2 दिसम्बर तक

**दुर्ग।** शासन द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत राहत देने के लिए कृषक उन्नति योजना शुरू की गई है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषकों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल में किया जाना आवश्यक है। उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय ने बताया कि खरीफ वर्ष 2024 में एकीकृत किसान पोर्टल में नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल एवं रकबे में संशोधन कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। कृषकों की मांग अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल में कैरीफारवर्ड व पंजीयन तथा पंजीकृत फसल व रकबे में संशोधन सहित अन्य कार्य के लिए 2 दिसम्बर तक अतिरिक्त समय दिया गया है। किसानों से पोर्टल में राजस्व ग्राम वनाधिकार पट्टा, वनग्राम एवं असर्वेक्षित ग्राम तथा संस्थागत, रेगहा, बटाईदार, लीज, डुबान क्षेत्र के कृषकों को कैरीफारवर्ड व पंजीयन करने की अपील की गई है।

# एनएसएस स्वयंसेवक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से चला रहे हैं जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

## ग्राम धानापुरी में लगा है डारन बाई तारम महाविद्यालय का शिविर








स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम धानापुरी में 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है।

शिविर में स्वयं सेवक परियोजना कार्य के द्वारा ग्राम की गलियों, नालियों, सार्वजनिक स्थलों, स्कूल परिसर की सफाई कर ग्राम के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं। ग्राम में प्रभातफेरी एवं रैली निकालकर लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। पीटी व्यायाम के माध्यम स्वास्थ्य का संदेश दिया जा रहा है। बौद्धिक परिचर्चा में सायबर सेल बालोद से रूमलाल चुरेंद्र, यातायात प्रभारी चेतन लाल, तहसीलदार गुरुर देवेंद्र कुमार नेताम, अतिरिक्त मुख्यकार्यपालन अधिकारी बागड़े ने अपने अपने विभाग की जानकारी ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं को प्रदान की। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर मनोरंजन के साथ छत्तीसगढ़ की संस्कृति को उजागर किया जा रहा है। नाटक के माध्यम से नशामुक्ति, शिक्षा का महत्व, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, अंधविश्वास, मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम में सरपंच प्रभा कोर्राम, उपसरपंच खोमन लाल सिन्हा, शाला विकास समिति अध्यक्ष मनिक राम सिन्हा, उत्तरा सिन्हा, धनंजय कुमार समस्त पंचगण एवं समस्त ग्रामीणों तथा विद्यालयों के शिक्षकों का सहयोग मिल रहा है। शिविर कार्यक्रम अधिकारी प्रो रोहित सोरी, मोहन साहू, सुमन साहू के निर्देशन तथा प्राचार्य केएल रावटे के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है।


**सम्मान :** बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार व विद्यालय के वार्षिकोत्सव में विधायक रिकेश ने किया सम्मानित

# बंशीलाल भारद्वाज गुरुजी की पुण्यतिथि पर समाजसेवी मृत्युंजय और भास्कर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रेमलता जगदीश भारद्वाज फाउण्डेशन ग्राम अर्जुनी व सुमित्रदेवी चौहान फाउण्डेशन रामनगर भिलाई द्वारा बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार व विद्यालय के वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैशालीनगर भिलाई विधायक रिकेश सेन थे। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद पवन साहू व प्रदेश अध्यक्ष श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छ.ग पूर्व सदस्य खादी एवं ग्रामोध्योग बोर्ड भूपेन्द्रशंकर सेन, प्रातांध्यक्ष छ.ग झेरिया सेन समाज लक्ष्मीनारायण सेन, पूर्व पार्षद संतोष कौशिक, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा अकबर तिगाला, शरद कोठारी, घनश्याम उमरे, नरेश श्रीवास, रंजित उमरे विशेष रूप से उपस्थित थे।

सभी अतिथियों ने बंशीलाल भारद्वाज गुरूजी द्वारा स्थापित परमानंदधाम परिसर अमलीडीह में बंशीलाल की समाधि पर पुष्पांजति अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रेमलता जगदीश भारद्वाज फाउण्डेशन ग्राम अर्जुनी व सुमित्रा देवी चौहान फाउडेशन रामनगर भिलाई द्वारा विद्यालय परिसर में स्थापित बंशीलाल भारद्वाज की प्रतिमा व दानवीर समाज सेवी जोगीराम कुरैटी की प्रतिमा पर अतिथियों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन ने विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य मंच में क्षेत्र के समाजसेवी पूर्व सरपंच, पूर्व जनपद सदस्य मृत्युंजय यादव को पंचायत व ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए मरणोपरांत बंशीलाल भारद्वाज गौरव अलंकरण 2024 प्रदान किया गया। यह अलंकरण उनकी धर्मपत्नी आशादेवी एवं उनकी पुत्री को प्रदान किया गया। साथ ही मॉडलिंग के क्षेत्र में छ.ग आईडल का खिताब जीतने वाले ग्राम खपरी मालीघोरी निवासी भास्कर साहू पिता रूपेश कुमार साहू को बंशीलाल भारद्वाज गौरव सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार पिस्दा व विष्णुप्रसाद सोरी ने किया। गौरव तिहार का संचालन डॉ साधुराम भारद्वाज ने किया।






### जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में हुए शामिल

गौरव तिहार के अध्यक्ष ईश्वर लाल साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष छगनलाल बुन्देले, रोमलाल यादव, रोहित भारद्वाज सहित सभी पदाधिकारियों ने विधायक श्री सेन सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इस समारोह में ग्राम पंचायत खेरथाडीह की सरपंच चित्ररेखा साहू व जनपद सदस्य रमशीला साटिया, राजेश्वरी कोमरे के नेतृत्व में क्षेत्र की महिला प्रतिनिधि मोहिनी देवांगन, माया भारद्वाज, मीना डोंगरे, आशा देवी यादव सहित महिलाओं व गोंदली के लहरा के प्रमुख कलाकारों ने ईश्वर साहू के नेतृत्व में विधायक रिकेश सेन को राउत खुमरी पहनाकर नागरिक अभिनंदन किया। दोनों फाउण्डेशन की ओर से रोहित भारद्वाज व माया भारद्वाज के साथ ग्राम अर्जुनी निवासी चिन्दूलाल ठाकुर, अशोक कुमार साहू, शोभित साहू, नंदलाल साहू ने राजा पगड़ी बांधकर व विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य राजेश कुमार पिस्दा, के ठाकुर, प्रधान पाठक आर आर ठाकुर, प्रधान पाठक अजय कुमार साहू, छात्रावास अधीक्षक राकेश कुमार साहू, भोलाराम साहू व जीवनलाल कोटेन्द्र सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अतिथियो का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### लाटाबोड़ में शराब की अवैध बिक्री व जुआ-सट्टा जोरों पर

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक अंतर्गत आदर्श ग्राम लाटाबोड़ में इन दिनों शराब की अवैध ब्रिकी और जगह-जगह चल रहे जुआ-सट्टा के कारोबार से गांव का माहौल बिगड़ रहा है। वहीं, युवा पीढ़ भी नशे की गिरफ्त में आती जा रही है। गांव की गलियों में सुबह से ही अवैध शराब बेचने का सिलसिला शुरू हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इसकी जानकारी पुलिस के साथ आबकारी विभाग के अधिकारियों को भी है, लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि कोचिए घूम-घूमकर शराब की अवैध बिक्री कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 10 पेटी शराब की खपत हो रही है। जानकारी के अनुसार तालाब पार के पीछे बस स्टैण्ड चौक व अन्य जगहों पर खुलेआम शराब बेची जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह 5 बजे से शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। शराब के नशे में आए दिन वाद-विवाद व मारपीट की घटनाएं भी होती हैं। खासकर सप्ताहिक बाजार सोमवार के दिन। वहीं, सटोरियों के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई नहीं होने से उनके भी हौसले बुलंद हैं और जुआ-सट्टा का आम हो गया है। जुआ-सट्टा और शराब की चपेट में आकर युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। वे अपने वर्तमान के साथ भविष्य को भी दांव पर लगा रहे हैं।

# योगाचार्य ओम प्रकाश को मिला महर्षि पतंजलि योग रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के तत्वावधान में देश की राजधानी नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल क्लब ऑफ़ इंडिया के डिप्टी स्पीकर सभागार में 24 नवंबर रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में क्षेत्र के युवा योगाचार्य ओम प्रकाश चंद्रवंशी को प्रधान–योगाचार्य स्वामी अमित देव महाराज, राजर्षि आचार्य पवन दत्त मिश्र महाराज, चीफ़ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर पीआरसीबी डॉ. एसपी. मिश्रा, मुरारजी देसाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ योग के प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी योग थैरेपी आईएन आचार्य, योगगुरु मंगेश त्रिवेदी, सहित भाजपा राजनेता नितिन पाठक की उपस्थिति में महर्षि पतंजलि योग रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह में छत्तीसगढ़ के 6 लोगों को सम्मानित किया गया है। इनमें जिले के अर्जुन्दा निवासी ओम प्रकाश चंद्रवंशी, शिशिर कुमार राजनांदगांव से मोनिका साहू, रायपुर से भूमिका साहू, पूजा साहू, और बलौदाबाजार भाटापारा से प्रियंका वर्मा को सम्मानित किया गया। ओम प्रकाश चंद्रवंशी बालोद जिले के अर्जुन्दा के निवासी हैं, जो राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और वर्तमान में दुर्ग भिलाई में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। ओम प्रकाश चंद्रवंशी स्व. दिलीप कुमार चंद्रवंशी और माता पूर्णिमा चंद्रवंशी के सुपुत्र हैं।

### कांग्रेस ने जारी की निगरानी समिति के सदस्यों की सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ.ग के निर्देशानुसार वर्ष 2024–25 में धान खरीदी केन्द्रों बा लो द विधानसभा के गुरूर ब्लाक की निगरानी समिति के सदस्यों की सूची केन्द्रवार जारी की गई है। जिसमें सेवा सहकारी समिति गुरूर के तहत भूषणपुरी गोस्वामी दानीटोला, संतोष ठाकुर, लोकुराम पटेल, गुरूर में हेमलाल धुरवे, देवलाल साहू को बनाया गया है।

# हीरापुर में जन-जन साक्षर अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- 34 लोगों को किया जा रहा है साक्षर

ग्राम हिरापुर में राज्य साक्षरता मिशन के तहत जन जन साक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत उल्लास नवभारत कार्यक्रम में ग्रामीणों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए पूर्व में अशिक्षित रहे ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध कराकर साक्षर बनाने का कार्य किया जा रहा है। निरक्षरों को साक्षर कर उन्हें शिक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक के मार्गदर्शन में 34 महिला व पुरूष शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। नोडल अधिकारी प्रधान पाठक एडी गहरवार के मार्गदर्शन में ग्राम की दो शिक्षित बालिकाएं नम्रता एवं खिलेश्वरी इस पुनीत कार्य के लिए निःशुल्क सेवा देने का कार्य कर रही है। स्कूल अवधि के बाद शाम को प्रतिदिन 1 घंटा इन 34 लोगों को शिक्षा दी जा रही है। इसमें 29 महिलाएं सम्मिलित हैं। इन्हें साल भर में 200 घंटे पढ़ाने का लक्ष्य रखा है, जो अत्यंत कमजोर हैं उन्हें शिक्षित करने के लिए यह अवधि आवश्यकतानुसार बढ़ाई जा रही है। यह कार्यक्रम 18 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है, इनमें सम्मिलित ग्रामीणों को योग्यतानुसार 5वीं व 8वीं की परीक्षा भी दिलानी होगी। यह कार्यक्रम पूरी तरह समाज सेवा से जुड़ा है। इसके लिए शासन से कोई राशि नहीं मिली है। ग्रामीण स्वेच्छा से पढ़ा रहे हैं। नोडल अधिकारी व अन्य शिक्षकों ने मिलकर इन ग्रामीण महिला पुरूष विद्यार्थियों के लिए पेन पेंसिल व अन्य पाठय सामग्री प्रदान की है।

# शासकीय विद्यालय चिंचबाड़ में बनाया गया साबुन बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिचबोड़ में स्वच्छता का संकल्प लेते हुए बाल कैबिनेट ने साबुन बैंक का निर्माण किया गया है।

इस बैंक में बच्चे स्वप्रेरित रूप से अपने जन्म दिन पर स्वच्छता का संकल्प लेते साबुन बैंक में साबुन दान करते है। इसका उपयोग वे मध्यान्ह भोजन क़े पूर्व हाथ धुलाई क़े लिए करते है। इस हेतु शिक्षकगण द्रोणकुमार सार्वा, मुकेश साहू, मधु नेताम नियमित रूप से बच्चों को प्रेरित करते हैं।

प्रधानपाठक संदीप जोशी क़े मार्गदर्शन में साबुन बैंक क़े पीछे की अवधारणा बच्चों को हाथ धुलाई क़े प्रति प्रेरित करना है। बच्चों द्वारा पूर्व में जन्मदिन की खुशियाँ शिक्षकों को चॉकलेट, बिस्कुट खिलाकर करते थे। बाल कैबिनेट की प्रधानमंत्री जान्हवी, विकास, दुर्गेश, तामेश्वर, युवराज, छत्रपाल ने बताया कि अब बच्चे जन्मदिन पर चॉकलेट बिस्कुट के स्थान पर विद्यालय में साबुन भेंट कर रहे हैं।

### घर पहुंच हितग्राहियों का बना रहे आयुष्मान कार्ड

**दुर्ग।** दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं आंगनबाड़ी मितानिन घर-घर पहुंचकर छूटे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बना रहे हैं। जिन नागरिकों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना हैं उनका कार्ड घर पहुंचकर बनाया जा रहा है। इसके लिए टीम लगातार घर-घर पहुंच रही है। कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने शहर में छूटे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया हैं। इसके लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

**वैशाली नगर महाविद्यालय भिलाई एवं सुराना कॉलेज दुर्ग के स्वयंसेवक हो रहे हैं शामिल**

# कुथरेल में शुरू हुआ एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





वैशाली नगर महाविद्यालय भिलाई एवं सुराना कॉलेज दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम कुथरेल थाना अंडा में दिनांक 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुल सचिव डॉक्टर भूपेंद्र कुलदीप एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व कार्यक्रम समन्वयक आरपी अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ। सरपंच राजश्री प्रेरणा चन्द्राकर व सुराना कॉलेज की प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर आरपी अग्रवाल ने स्वयंसेवकों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े रहने के फायदे बताए। इसके साथ ही दोनों कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर चांदनी मरकाम एवं डॉक्टर उमेश वैद्य के कार्य की सराहना की। कुलसचिव डॉक्टर भूपेंद्र कुलदीप ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना प्लेटफार्म प्रदान करता है जिस पर चलकर प्रत्येक विद्यार्थी के व्यक्तित्व का विकास हर क्षेत्र में होता है। सात दिवसीय विशेष शिविर में बच्चा अभाव में जीवन कैसे जीना है, इसकी कला सिखाता है। साथ ही ग्राम संपर्क करने के बाद उसके अंदर अनेक प्रकार के कौशल का विकास हो जाता है। इसी प्रकार सुराना महाविद्यालय की प्राचार्य एवं सरपंच ने भी स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की शिविर की दिनचर्या के बाद संध्या बेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का जनेद्र दीवान ने उद्घाटन किया। उन्होंने प्रत्येक स्वयंसेवकों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर समस्याओं की जानकारी ली और उनका समाधान किया। उन्हें बताया कि सात दिवस में गांव में किस तरह से संपर्क स्थापित करना है अपने व्यक्तित्व विकास के लिए क्या-क्या कार्य करना है। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के संस्कृत शिक्षक डॉक्टर अजय आर्य, वैशाली नगर महाविद्यालय के संस्कृत के प्राध्यापक महेश कुमार अलेंद्र, कार्यक्रम अधिकारी वैशाली नगर डॉक्टर चांदनी मरकाम एवं कार्यक्रम अधिकारी सुराना कॉलेज डॉक्टर उमेश वैद्य उपस्थित थे। शिविर में लगभग 100 स्वयं सेवक शामिल हो रहे हैं।

One Way Taxi
अब आपके पास के
भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर
में उपलब्ध हो गयी है।

CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
CUSTOMER CARE NO.:7377511511